तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	ना अ हु
26.03.25	आज यह पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित उन्हें सुना गया। पत्रावली एवं दस्तावेजी रिकॉर्ड का भली भांति अध्ययन किया गया। प्रार्थी वकील द्वारा अपनी बहस में अवगत कराया गया कि प्रार्थी के पिता का नाम आ०ख०नं० 12 व 32 वाके ग्राम कालोहार तहसील मुण्डावर में छोटया हो गया जबकि सही नाम हारया है। हमने बहस को मनन किया गया रिकॉर्ड का अध्ययन एवं दस्तावेजी रिकॉर्ड का अवलोकन किया तो प्रार्थना-पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना उचित समझते हैं। अतः प्रार्थना-पत्र प्रार्थी स्वीकार कर तहसीलदार मुण्डावर को निर्देशित किया जाता है कि ख०नं० 12 रकबा 0.4800, 32 रकबा 0.7300 वाके ग्राम कालोहार तहसील मुण्डावर में प्रार्थी के पिता का नाम छोटया पुत्र करन के स्थान पर हारया पुत्र करन राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। Sd/- राधेश्याम मीणा उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर (मुहर: उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर)	